बिहार सरकार

आपदा प्रबंधन विभाग

दिनांक–13.08.2017

प्रेस–विज्ञप्ति

अप्रत्याशित वर्षा से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति किशनगंज, अररिया एवं पूर्णिया जिले पूर्णतः एवं कटिहार तथा पूर्वी चम्पारण जिले आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसी आबादी को सुरक्षित निकालने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए राज्य के अंदर उपलब्ध एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 की टुकड़ियों को प्रभावित इलाकों में तैनात किया गया है। माननीय मुख्य मंत्री, बिहार के द्वारा केन्द्र सरकार से एन0डी0आर0एफ0 की 10 अतिरिक्त टुकड़ियों की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया गया जिसमें से एन0डी0आर0एफ0 की 4 टुकड़ियां पहुँच चुकी है जिनमें से 02 को किशनगंज एवं 01–01 टीम पूर्णिया एव अररिया जिले में प्रतिनियुक्त किया गया है।

2. माननीय मुख्य मंत्री, बिहार के द्वारा बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य हेतु सेना की सहायता प्राप्त करने हेतु रक्षा मंत्री, भारत सरकार से दूरभाष पर अनुरोध किया गया। जिसके आलोक में सेना की एक टुकड़ी दानापुर से किशनगंज के लिए प्रस्थान कर चुकी है तथा 03 टुकड़ी आज रात्रि तक पूर्णिया पहुंच रही है। वर्तमान में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य हेतु जिलावार प्रतिनियुयक्ति निम्नवत है–

क्र0 सं0	जिला का नाम	NDRF		SDRF		अभियुक्ति
		Person	M.Boat	Person	M.Boat	
1	किशनगंज	195	19	45	9	NDRF Team-04, SDRF Team-01, Column of Army on way
2.	पूर्णिया	90	8	84	16	NDRF Team – 02 SDRF Team – 02 3 Column of Army to arrive today and to be stationed at Purnea
3.	अररिया	45	4	56	12	NDRF Team – 01 SDRF Team – 1.5
4.	सुपौल	42	8	-	-	
5.	मधेपुरा	-	-	20	3	Stationed in Alam Nagar
6.	सीतामढ़ी	-	-	40	6	3 NDRF Teams to arrive tomorrow SDRF Team – 01
7.	मधुबनी	-	-	40	6	SDRF Team – 01
8.	दरभंगा	45	4	-	-	NDRF Team – 01
9.	वैशाली	-	-	-	-	

10.	मुजफ्फरपुर	45	7	-	-	NDRF Team – 01
11.	गोपालगंज	-	-	-	-	1 NDRF Team to arrive tomorrow
12.	पटना	45	4	-	-	1 NDRF Team (45 Person, 4 Motor Boat) moved from Ranchi
13.	पूर्वी चम्पारण	90	8	-	-	NDRF Team – 02 1 NDRF Team to arrive tomorrow
14.	प0 चम्पारण	45	4	45	4	NDRF Team – 01, SDRF Team – 01 1 NDRF Team to arrive tomorrow
15.	भागलपुर	-	-	-	-	
16.	कटिहार	-	-	50	7	SDRF Team – 1.5
17.	शिवहर	-	-	35	5	SDRF Team – 01 Also 15 trained homeguards will move along with SDRF

3. माननीय मुख्य मंत्री के द्वारा आज दिनांक 14.08.17 को वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी जिसमें मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। माननीय मुख्य मंत्री के द्वारा पूर्णिया, किशनगंज एवं अररिया में प्रधान सचिव स्तर के वरीय पदाधिकारियों को विशेष विमान से बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के अनुश्रवण हेतु भेजा गया है।

4. पूर्ण रूप से बाढ़ प्रभावित जिलों के जिला आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या निम्नवत है :–

क्र0	जिला का नाम	आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या
1.	किशनगंज	06456–22452/53/54
2.	अररिया	06453–222209
3.	पूर्णिया	06454–241555